सब बोले बम बम भोले

सब बोले बम बम भोले
शिव धुन में नाचें डोले
सारे भगत भये मतवाले
सब खाएं भांग के गोले
शिव मंदिर में शिव चरणों में सब झूम रहे
हम मस्त मलंग दीवाने घूमर घूम रहे
सब बोले बम बम भोले ....

शिव जाता में गंग बिराजे शिव बम बम बम बम भोले
शिव शीश पे चंदा साजे शिव बम बम बम बम भोले
शिव अंग बभूत रमाये शिव नाग गले लिपटाये
शिव कैलाशी काशी वासी कहलाये रहे
शिव गौरा जी के संग दरबार लगाए रहे
सब बोले बम बम भोले ....

शिव औघड़दानी हैं ये दुनिया जान गई
शिव बाबा बर्फानी है दुनिया मान गई
शिव शंकर हे त्रिपुरारी शिवलिंग की महिमा भारी
श्री दर पर सब कावड़िये धूम मचाये रहे
हक़ गागर में भर लाये शिव पे चढ़ाये रहे
सब बोले बम बम भोले ....

श्री भूतनाथ कहलाते हैं गंगा के तीरे
शिव विश्वनाथ कहलाते हैं गंगा के तीरे
शिव सोमनाथ में साजे महाकाल रूप में बिराजे
सुर असुर साथ नर किन्नर इनको ध्याय रहे
रवि लिखता राजगुरु संग महिमा गाय रहे
सब बोले बम बम भोले ....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/18722/title/sab-bhole-bm-bm-bhole

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |